ओह! भूत है



एक था भूत।

उसे लगता था कि वह बहुत डरावना है।

वह रोज किसी न किसी को डराता।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 3 6/16/23 23:36

एक दिन खूँखार शेर को डराया।



एक दिन बहुत बड़े हाथी को।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 7 6/16/23 23:36



एक दिन लँगोट वाले पहलवान को।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 9 6/16/23 23:36

तो एक दिन मूँछों वाले थानेदार को।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 10 6/16/23 23:36

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 11 6/16/23 23:36

लोग डर से भागते,
तो उसे बहुत मजा आता।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 12 6/16/23 23:36

किसी को डराए बिना उसे नींद नहीं आती।



IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 13 6/16/23 23:36

एक दिन उसकी तबियत खराब थी।
पर वह किसी को डराना भी चाहता था।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 14 6/16/23 23:36

सोचा, आज चूहे को ही डराया जाए। वह जल्दी
से डरेगा।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 15 6/16/23 23:36

भूत घर में घुसा।
चूहा आराम से सो रहा था।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 16 6/16/23 23:36

धम्म... धम्म... की आवाज से
चूहे की नींद खुल गई।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 17 6/16/23 23:36

चूहा डर से काँपने लगा।
काँपते हुए बोला- क... क... कौन है वहाँ?

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 18 6/16/23 23:36

भूत ने डरावनी आवाज में कहा–
मैं हूँ भूत।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 19 6/16/23 23:36

ओह भूत है! मैंने सोचा बिल्ली आई है।



चूहा चादर ओढ़ फिर से सो गया।

IN-LLP-16-0002_Text_It'sAGhost.indd 20 6/16/23 23:36